तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

रोजगार सुरक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा ... 10



किनारा करने वालों से किनारा कर लिया मैंने ... 12



## खबर संक्षेप

### कोटवार ने फांसी लगाकर दी जान

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत मचौद के कोटवार भूपेंद्र टंडन 30 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना सोमवार को दोपहर की बताई जा रही है, घटना के समय घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था परिवार के सदस्य जब शाम को घर पहुंचे तो घटना की जानकरी हुई। इधर परिजन ने घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीण व पुलिस को दी। गुण्डरदेही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोटवार का आत्महत्या करना क्षेत्र में यह पहला मामला है।

### युवास्टार की कबड्डी प्रतियोगिता 24 को

**डौंडीलोहारा।** युवा स्टार स्पोर्ट्स क्लब एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम सहगांव के सौजन्य से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 24 दिसंबर को 1 से आयोजित की गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ 1501 रखा गया है। इसमें क्षेत्र के सभी टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रवेश शुल्क 251 रुपए है।

### ओपन स्कूल परीक्षा फार्म का वितरण प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकडरी मुख्य, अवसर, क्रेडिट, आर.टी.डी. परीक्षा फार्म वितरण किया जा रहा है। परीक्षा प्रभारी ए सहारे व्याख्याता ने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी स्कूल के समयानुसार 11 से 4 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा स्कूल में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

### घासीदास जंयती पर शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** जिले में बुधवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसंबर को जिला बालोद में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागार बालोद पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### धान खरीदी पर कांग्रेस का आंदोलन आज

**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा 10 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे बस स्टैंड गुरुर में एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी में काफी अनियमितता बरती जा रही है, किसान काफी परेशान है, सुचारू रूप से धान खरीदी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, और ना ही उनका समय में टोकन प्राप्त हो रहा है, बारदाना की बड़ी समस्या है, राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी के रूप में 3100 नगद भुगतान का वादा किया था, वह भी नहीं मिल रहा।

## मौसम : बदली पानी के मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा

# पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बदली और मौसम में उतार-चढ़ाव के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौसम की बेरूखी के चलते लोगों की दिनचर्या खराब हो चुकी है, पखवाड़े भर से लगातार बदली पानी का मौसम बना हुआ है। इसी उतार-चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दिसंबर में जहां कड़ाके की ठंड का इंतजार करते हैं, वहीं अब तक ऐसी स्थिति निर्मित ही नहीं हुई है।

वहीं पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते बदली टलने में अभी वक्त लग सकता है, इस बीच ठंड के लौटने की आशंका भी बनी हुई अचानक आसमान में कहीं-कहीं सूरज की दस्तक हुई। लगातार बदल रहे मौसम से परेशानी बढ़ी है। इस बीच मौसम जानकारों अनुसार प्रदेश में कई जगहों पर हल्की बारिश बताया जा रहा है कि समुद्र आशंका भी जाहिर की गई है। तल पर जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं, वहीं पश्चिमी हिमालय क्षेत्र से आ रही सर्द हवाओं के चलते पश्चिमी विक्षोभ भी उभर रहा है, जिसे बारिश होने की आशंका गहरा गई है। मौसम साफ होने में अभी समय लगने की उम्मीद है। इस दौरान ठंड का असर कम होगा। रविवार को भी सूरज की दस्तक नहीं हुई और आसमान पर बादल छाए रहे। अन्य सालों की अपेक्षा इस दिसंबर में कड़ाके की ठंड प्रतीत नहीं हो सकी है, इस दौरान अधिकतम तापमान भी बढ़ा हुआ है।



**बदली हटने पर गिरेगा पारा**

8 से 10 दिसंबर के बीच आम तौर पर न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री के बीच दर्ज किया जाता है, लेकिन इस बाद तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया है। यह सामान्य न्यूनतम तापमान से 3.2 डिग्री अधिक है। जानकारों के अनुसार आसमान से बदली हटने के बाद ही न्यूनतम तापमान घटने की उम्मीद की जा सकती है, फिलहाल 3 से 4 दिन मौसम साफ होने में लग सकता है।

### गर्म कपड़ों का बाजार नर्म

शहर के कई इलाकों में गर्म कपड़ों का बाजार लगाया गया है, लेकिन यहां ग्राहकों की कमी बनी हुई है। ठंड बेअसर साबित हो रहा है, ऐसे में गर्म कपड़ों की मांग नहीं के बराबर है। रात में भी गर्म कपड़ों के बिना बेखौफ सड़कों पर घुमते लोग मिल रहे है। खास बात यह है कि इस दौरान बाजारों में गर्म कपड़ों के लिए भी ऑफर निकाले गए है, ऐसे में अन्य सालों की अपेक्षा इस बार कम कीमत में स्वेटर, जेकेट और सॉल लोगों को मिल रही है, लेकिन मांग नहीं होने के कारण लोग लेना भी पसंद नहीं कर रहे हैं।

# एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन 79वां दिन भी जारी रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन 79 वां दिन भी शांतिपूर्ण तरीके जारी रहा।

प्लांट के विरोध में क्षेत्र के कई गांव के किसान बच्चों महिलाओं का भूमिका लगातार सक्रियता से भागीदारी बनी हुई है। प्रभावित क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस मामले को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी परेशानी से जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। निरन्तर धरने पर बैठे होने के बावजूद अभी तक के परिणाम किसानों के पक्ष में आता दिखाई नहीं दे रहा है जिसके कारण दिनों दिन ग्रामीण मैं असंतोष कि भावना भी बढ़ती जा रही है। बहरहाल अभी तक शांतिपूर्ण माहौल में ही आंदोलन चल रहा है लेकिन आंदोलन कारी का कहना है कि किसानों के पक्ष में सकारात्मक स्थिति नहीं रहेगी तो किसान कभी भी उग्र कदम उठाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में जानकारी मिली है कि आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि मंडल कल आरंग के इथेनॉल प्लांट के विरोध करने वाले किसानों से मुलाकात करेंगे।

## पटवारी संसाधन उपलब्ध ना होने पर ऑनलाइन कार्यों का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजस्व पटवारी संघ छतीसगढ़ प्रांतीय आव्हान पर जिले के पटवारियों ने अपनी पुरानी मांगो को पूरा करने अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। 15 दिसंबर तक शासन द्वारा संसाधन उपलब्ध नहीं कराने की स्तिथि में 16 दिसंबर से ऑनलाइन कार्यों का बहिस्कार करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में पटवारी संघ यह उल्लेख किया है कि कार्य अवधि मे समस्त पटवारी काली पट्टी लगाकर कार्यों का सम्पादन करेंगे, साथ ही अनुभागीय अधिकारी (राजस्व ) एवं तहसीलदार को ज्ञापन दिया जावेगा ओर शासकीय वाटशप ग्रुपो से बाहर(रिमूव) होंगे, प्रत्येक सोमवार को काला ड्रेस कोड मे जैसे आय, जाती, निवास एवं प्रतिवेदन जैसे अन्य कार्यों का सम्पादन काली पट्टी लगाकर करेंगे ज़ब तक शासन द्वारा संसाधन उपलब्ध न करा दिया जाने की स्तिथि मे किसी भी प्रकार का भुंया लागिन संबंधी कार्य नहीं होगा जिससे नामांतरण, फौति, खाता विभाजन जैसे ऑनलाइन कार्य पूर्णतः बंद रहेंगे।

ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से अभिषेक माली, भूपेंद्र तिवारी, भूपेंद्र सिन्हा, महेंद्र साहू, दिनेश नामदेव, विजेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, मेघनाथ वर्मा, कुमार गौरव साहू, सुरेखा सोनी, कल्याणी ठाकुर, पुष्पेंद्र ठाकुर, राजेश सोनी, सुरेश भारती, शैलेन्द्र जायसवाल, लोकेश साहू, फागु साहू, गोपेश्वर मांडले सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत बेरला वार्ड 14 में बनेगा मिनी गार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



नगर पंचायत बेरला के वार्ड 14 के पार्षद राजेश दुबे द्वारा अपनी निधि से शिव शक्ति मिनी गार्डन के निर्माण के लिए भूमिपूजंन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के मुख्य अतिथ्य मे संपन्न हुआ। मिनी गार्डन बनाने की मांग वार्ड वासियो द्वारा किया जा रहा था मिनी गार्डन बनने से वार्ड के बुजुर्ग, महिला पुरुष, बच्चे सभी वहां जाकर आराम, योगा, एवम व्यायाम कर अपनी सेहत को सुधार सकते है गार्डन के अंदर ओपन जिम का समान, झूला, फिसल पट्टी, कुर्सी, बेंच लगेगा। मिनी गार्डन के भूमिपूजन पर नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे, उपाध्याक्ष भारत भूषण साहू, सभापति सुनील जैन, प्रमोद गौसेवक, रीना बघेल,पार्षद अर्जुन देवांगन, प्रदीप ठाकुर, जय बघेल,नेहा सु राणा, नारायण डगरे, मनहरणं साहू, आकाश वर्मा, विक्की द्विवेदी, राजकुमार सेन, अजय यादव, राजेश चंदेल, गोविंदा राजपूत, गुड्डू सेन, झगरू सिन्हा, वार्ड के महिलाओं सहित वॉडवासी उपस्थित रहे।

## जिले में प्लेसमेंट कैंप आज

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्था जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में आज प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नर्सिंग स्टॉफ के 30 पद, योग्यता बीएससी नर्सिंग, जी.एन.एम, ए.एन.एम आयु 21 से 40 वर्ष एवं विभिन्न पद जैसे पैथोलॉजी लैब, ओ.टी. टेक्निशियन, फार्माशिष्ट जैसे पदों हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक ( निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में दिनांक 10 दिसंबर मंगलवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम उफरा में कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का समापन, शामिल हुए योगेश तिवारी



ग्राम उफरा में न्यू मारुति दल व ग्रामवासियों द्वारा आयोजित एक दिवसीय कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। अतिथियों में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी पोषण वर्मा भी मौजूद थीं।

ग्रामवासियों ने उनका स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान योगेश तिवारी ने कहा, ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहन भी देते हैं। खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं है, यह अनुशासन, टीम वर्क और जीतने के जज्बे को भी बढ़ावा देता है। तिवारी ने ग्रामवासियों और आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और प्रयासों ने इस आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए वे तत्पर रहेंगे। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कबड्डी और चौसर जैसे पारंपरिक खेलों ने न केवल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर किया। समापन समारोह में भाजपा भिभौरी मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, चंद्रकांत परगनिहा, निहाल परगनिहा, ग्राम पंचायत उफरा सरपंच रामखिलावन परगनिहा, उपसरपंच उफरा यादेश्वर परगनिहा, उफरा ▶▶| शेष पेज 11 पर

## 35 व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन के द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत हर स्तर पर डाइट के द्वारा बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इसी तारतम्य में संचालक एससीईआरटी के निर्देशानुसार इस वर्ष पहली बार हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के व्याख्याताओं का विषय पर आधारित प्रशिक्षण जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा में प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में तीन-तीन दिवस के लिए आयोजित किया गया। प्रथम चरण का प्रशिक्षण ऑफलाइन विषय गणित एवं भौतिक का 19 से 21 नवंबर 2024 तक तथा द्वितीय चरण का जीव विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय का प्रशिक्षण दिनांक 28 से 30 नवंबर तक डाइट बेमेतरा में आयोजित किया गया। एससीईआरटी रायपुर के निर्देशानुसार सभी व्याख्याताओं को इस प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य था। इसके बावजूद जिले के 35 व्याख्याताओं ने इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में घोर लापरवाही बरती और अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे उपस्थित रहे। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि जो व्याख्याता इस प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे है उनकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करावें। उनके निर्देशानुसार 35 अनुपस्थित व्याख्याताओं की सूची जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को प्रेषित किया गया। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बहुत से प्रतिभागी तो दो दिन अनुपस्थित रहे। तो ज्यादातर पहले दिन उपस्थिति दर्ज करा कर बांकी दो दिन नदारत रहे। कई प्रशिक्षणार्थी तो अंतिम दिन गायब रहे। कई प्रतिभागी तो बाकायदा स्कूल से कार्य मुक्त हुए लेकिन वह प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। ऐसे सभी लापरवाह और गैर जिम्मेदार ▶▶| शेष पेज 11 पर

### रुद्र यज्ञ एवं भागवत कथा में शामिल हुए नगरवासी

# भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है : दण्डी स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित मण्डी परिसर में चल रुद्र महायज्ञ एवं भागवत महापुराण में लोग शामिल होने ब्रह्म मुहूर्त में ही परिक्रमा करने के लिए यज्ञ स्थल पहुंचने लगे हैं। यज्ञ स्थल में यजमानों के साथ प्रधान आचार्य रवि शास्त्री के साथ पण्डितों नें यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ किया जो दोपहर तक लगातार चलता रहा।

दोपहर 2 बजे से भागवत कथा दण्डी स्वामी श्रीमज्ज ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने दुसरे दिन कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि अब सनातन धर्मीयों को अपनें धर्म के प्रति सकारात्मक सोच रखना होगा। प्रभु से बढ़कर कोई और संपदा नहीं है भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण ही होता है जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़कर विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है उसका सारा ध्यान सांसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है।



श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान के 24 अवतारों का वर्णन श्रद्धालु भावुक हुए रुद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा स्थल मंडी परिसर में नगर वासी स्वयं ही सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। सोमवार मुख्य रूप से सेवा करने वालों में शत्रुघ्न साहू, सुरेश पटेल, डॉ. रामावतार कश्यप, रोशन दत्ता,नीतू कोठारी, निति अग्रवाल, मिनाक्षी तिवारी,ललित विश्वकर्मा, महेंद्र गुप्ता, ललित राजपूत, दौलत राजपूत,हितेंद्र साहू, धनेश्वर पांडे,सतिश कसार, महेन्द्र गुप्ता, शिवम तिवारी के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता सेवा के कार्य में जुटे रहें।

# मृतक के परिवार को मिली बीमा की राशि



**बेमेतरा।** बिहान योजना अंतर्गत बीमा सखी द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक ललिता निषाद के परिवार को 2 लाख रुपये का बीमा क्लेम दिलाने में मदद की है। यह राशि उनके नॉमिनी पति सुकालू निषाद को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा कोदवा से प्राप्त हुई। बीमा सखी द्वारा इस प्रकार के प्रयासों से आपदा के समय परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है, जो समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीमा सखी द्वारा किए गए इस प्रयास से ललिता निषाद के परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिली है, जो कठिन समय में उनके लिए सहारा साबित होगा। आपदा या संकट की स्थिति में ऐसी योजनाओं से मिलने वाली सहायता परिवार को पुनःस्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीमा सखी के इस सराहनीय कार्य ने यह सुनिश्चित किया कि परिवार को सही समय पर आर्थिक मदद मिल सके।

## जामगांव आर में होगा सम्मान कार्यक्रम

**जामगांव आर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बाजार चौक कला मंच जामगांव आर में रखा गया है। इसमें मुख्यातिथि जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू होंगे। अध्यक्ष सरपंच राजकुमार ठाकुर करेंगे। विशेष अतिथि सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष नारद साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, बूथ अध्यक्ष द्वय सीताराम साहू और मुकेश साहू मंचासिन रहेंगे।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नगर सेवाएं में सीनियर मैनेजर राय का बदला दायित्व

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में सीनियर मैनेजर(हाउसिंग एवं रेवेन्यू ) के पद पर कार्यरत केएन राय के दायित्व में परिवर्तन किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) के आदेशानुसार श्री राय को वरिष्ठ प्रबंधक हाउसिंग व रेवेन्यू से हटाकर नए सीनियर मैनेजर अनुभाग आडिट की नई जिम्मेदारी दी गई है।

### राज्य स्तरीय कला उत्सव में आत्मानंद स्कूल प्रथम

**भिलाई।** राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में सम्पन्न हुआ। राज्य भर के विभिन्न स्कूलों से आये प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाहंदा ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में नाट्य विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। प्राचार्य जेपी पी पाण्डेय ने बताया कि नाटक का शीर्षक 'छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राधाबाई' है। डॉ. राधाबाई के आजादी की लड़ाई में दिए गये योगदान को रेखांकित करना था। नाटक का निर्देशन एवं पटकथा डॉ. सरिता साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभांठा पाटन का है। नाटक में दुनिका साहू, जान्हवी साहू, अंजली धुर्वे, किरण सिंगौर, आरती यादव ने भूमिका निभाई ।

### हाउस लीज संघर्ष समिति ने किया निंदा प्रस्ताव पारित

**भिलाई।** हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने जारी मेल में बताया कि हाउस लीज समिति की बैठक सेक्टर 2 में हुई । वक्ताओं ने पुनः प्रवर्तन विभाग की मनमानी एवं गैर विधिक तरीके से बेदखली अभियान के दौरान रिसाली की घटना की निंदा की। इसी सिलसिले में आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकला ताराम से प्रवर्तन विभाग के एक कर्मचारी के नेतृत्व में उनसे मारपीट आपत्तिजनक टिपण्णी की बात पर आक्रोश फैला तब पदाधिकारी ने बताया कि कलेक्टर को 1 दिन पूर्व ही आवेदन देकर प्रवर्तन विभाग के उक्त कर्मचारी के बारे में अवगत करा दिया गया था । इनमें एक महिला के रिसाली सेक्टर के आवास में पहुंच कर घर में घुसकर गैर विधिक तरीके से हरकत करने लगे। वहां उपस्थित चंद्रकला तारम ने वैधानिक तरीके से कार्य करने की बात कही तो उनके विरुद्ध घटना घटित की गई । उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की है । समिति ने निर्णय लिया कि उच्च पुलिस प्रशासन से जल्द शिकायत की जाएगी । बैठक में आयोजित महाबैठका में पूर्व तथा वर्तमान जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया ।

### छात्राओं को दी गुड टच बैड टच की जानकारी

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस रक्षा टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय और साइबर क्राइम से बचने की जानकारियां दी गई । गुड टच बैड टच , डिजिटल लॉक के बारे में बताया गया ।छात्राओं को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करना सिखाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, पुलिस सुरक्षा दल की संगीता मिश्रा, प्रिंसिपल डॉ विनय शर्मा, डॉक्टर शबाना, डॉक्टर मणिमेखला शुक्ला, डॉक्टर छाया सोनपिपरे, डॉक्टर कविता वर्मा, डॉ रंजना शर्मा, सौम्या खरे ,अरुणा चौबे ,डॉक्टर फिरोजाजाफर अली ,चांदनी, मजहर खान, निधि तिवारी के अलावा एनसीसी-एनएसएस के स्वयंसेवकों समेत कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मरोदा गेट पर किया जा रहा पार्किंग स्थल का निर्माण

**भिलाई।** मरोदा गेट में शिफ्ट के समय दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही के कारण जाम की समस्या लंबे समय से होती थी। इसे देखते हुए उच्च प्रबंधन द्वारा इस समस्या के निवारण हेतु मरोदा गेट के निकट एक बड़े पार्किंग स्थल निर्माण कार्य नगर सेवाएं विभाग ने द्वारा शुरू कर दिया गया है। जिससे कर्मचारियों एवं ठेका मजदूरों को ट्राफिक जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

# रविवि प्रबंधन ने अंततः खरीदे खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट

**हरिभूमि ने उठाया था खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट नहीं देने का मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर का असर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः अपने खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट की खरीदी कर ली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में रविवि ने अपने विद्यार्थियों को ट्रैकसूट का वितरण नहीं किया था।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रारंभ में टेंडर और खरीदी को लेकर लेट-लतीफी की गई। इसके बाद विधानसभा आचार संहिता का हवाला देकर वितरण नहीं किया जा सका। पिछले सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट के बगैर ही खेल गतिविधियां पूर्ण करनी पड़ी थी। कई महाविद्यालयों ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। हरिभूमि ने खिलाड़ी छात्रों की इस समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। अब शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 1230 नग ट्रैकसूट की खरीदी की गई। इसके लिए 10 लाख 7 हजार 370 रुपए का भुगतान रविवि द्वारा संबंधित फर्म को करने कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय पारित किया गया है।

गौरतलब है कि अंतरमहाविद्यालयीन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों को रविवि द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किए जाने का नियम है। खरीदी पश्चात वर्तमान सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट प्रदान किए जा रहे हैं।

### परीक्षा में खर्चे 4 करोड़ 16 लाख

शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में रविवि द्वारा 4 करोड़ 16 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। सामान्यतः महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा संबंधित कार्यों में अपने मद से राशि का व्यय किया जाता है। इसके पश्चात रविवि पैसों का भुगतान करता है। कार्यपरिषद की बैठक में इस शेष राशि का भुगतान करने निर्णय पारित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए परीक्षा कार्य जारी है। इसमें खर्च होने वाली राशि का भुगतान अगले शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा।



■ कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला

### निशुल्क होगा अंकसूची सत्यापन

इसके अतिरिक्त रविवि द्वारा अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए हैं। अब तक रविवि अंकसूची अथवा उपाधि प्रमाणपत्र सत्यापन व छायाप्रति के लिए निर्धारित शुल्क लेता रहा है। लेकिन पुलिस को अब यह सुविधा निशुल्क रूप से प्रदान की जाएगी। केंद्र अथवा राज्य शासन द्वारा होने वाली पुलिस संबंधित जांच में सहयोग करने के लिए रविवि ने व्यवस्था में यह बदलाव किया है। हालांकि अन्य विद्यार्थियों से पूर्ववत ही शुल्क लिए जाते रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ पुलिस को कार्रवाई में सहयोग करने के उद्देश्य से दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष थोक में पुलिस के बाद फर्जी मार्कशीट से नौकरी हासिल करने सहित कई तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इनके समाधान के लिए विश्वविद्यालय के सहयोग की आवश्यकता पुलिस विभाग को होती है।

## प्रदेशभर से पहुंचे 200 से अधिक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक

# रोजगार सुरक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस ने रोका, भिड़े शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रविवार दोपहर राम मंदिर के समक्ष जमकर हंगामा हुआ। यहां प्रदेशभर से 200 से अधिक की संख्या में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक पहुंचे हुए थे। वे अपनी नियुक्ति रद्द नहीं करने की मांग लेकर यहां पहुंचे हुए थे। नौकरी की रक्षा के लिए वे यहां हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, लेकिन हनुमान चालीसा की पंक्तियां पूर्ण होने के पूर्व ही पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर कहा-सुनी हुई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों को जबरन खदेड़ा। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के कारण प्रदर्शनकारी शिक्षक मंदिर के बाहर ही बैठकर पाठ करने लगे। पुलिस द्वारा हटाए जाने पर भी नहीं हटने के बाद दोनों पक्षों में गहमागहमी शुरू हो गई। करीब घंटेभर तक दोनों पक्षों में तकरार चली। इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापक के पद पर सेवाएं देने सिर्फ डीएलड डिग्रीधारियों को ही योग्य ठहराया था। इसके उलट प्रदेश में बीएड डिग्रीधारियों को भी प्राथमिक कक्षाओं में पदस्थ कर दिया गया था। डीएलएड डिग्रीधारियों ने इन नियुक्तियों को कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि डीएलएड वालों की लिस्ट जारी करें। आदेश के बाद भी शासन द्वारा बीएड शिक्षकों को उनके पदों से नहीं हटाया गया और ना ही डीएलएड वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। 10 दिसंबर को कंटेंप्ट-ऑफ-कोर्ट की सुनवाई होने वाली है। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर सहायक शिक्षक नियुक्त बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने की आशंका है। इसके विरोध में ही शिक्षक प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

**अपनी नियुक्ति यथावत बनाए रखने की मांग, पुलिस ने खदेड़ा**



### 14 महीने से नौकरी कर रहे हैं 2900 सहायक शिक्षक

कांग्रेस शासनकाल में शिक्षकों के 10 हजार पदों पर भर्तियां निकाली गई थी। इस दौरान प्राथमिक कक्षाओं में बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। जिन शिक्षकों को हटाकर डीएलएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है, वे बीते 14 माह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में यह पहला मामला होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी को नियुक्ति देकर लंबे समय तक सेवा लेने के पश्चात पदमुक्त किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

### लंबे समय से चल रहा विवाद

बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पूर्व में भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर मंत्री और शासन-प्रशासन के लोगों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी है। बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक जो प्राथमिक कक्षाओं में सेवारत हैं, का कहना है कि उन्हें डीएलएड की पढ़ाई सेवा के साथ-साथ करा दी जाए, जिससे उनकी नौकरी सुरक्षित रहे और न्यायालय के आदेश की अवमानना ना हो।

### सुनाई अपनी पीड़ा

प्रदर्शन के दौरान बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने अपनी पीड़ा भी बताई। कई का कहना था कि वे अपने घर में एकलौते कमाने वाले हैं तो कई ने इस नौकरी के लिए निजी नौकरी ठुकराए जाने की बात कही। कई शिक्षकों ने बताया कि उनकी शादी इस शासकीय नौकरी के आधार पर ही तय हुई थी। शासकीय नौकरी नहीं रहने पर अब उनके रिश्ते पर भी संकट मंडरा रहा है। इस तरह की अन्य पारिवारिक व आर्थिक दिक्कतें प्रदर्शनकारियों ने साझा की।

### पॉवर कंपनीज़ बैडमिंटन का फाइनल जीता रायपुर रीजन ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर रीजन विजेता रहा। टीम इवेंट में कोरबा वेस्ट की क्षेत्र उपविजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह 9 दिसंबर को कंचना स्थित निजी कोर्ट में होगा, जिसमें प्रबंध निदेशक गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान से आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि टीम इवेंट की प्रतियोगिता में रायपुर रीजन एवं कोरबा वेस्ट के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। रायपुर की टीम ने 12 वर्षों की चैंपियन कोरबा वेस्ट की टीम 03-02 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, के गिरीश व नवीन इक्का ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी अविनेश पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता ने कांटे की टक्कर दी।

सोमवार 9 दिसंबर को महिला एकल में झरना लता साहू व संध्या रानी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। महिला युगल का फाइनल कोरबा पूर्व और रायपुर सेंट्रल के बीच होगा। पुरूष युगल का मुकाबला रायपुर सेंट्रल व बिलासपुर क्षेत्र की टीम के बीच कल खेला जाएगा।

# बलौदाबाजार के फरार बदमाशों ने नकली नोट से गांजा खरीदने रायपुर में बनाया था ठिकाना



■ नोट खपाने से पहले पकड़े गए शातिर

■ हत्यारोपी को फरार कराने समेत मारपीट तथा गांजा तस्करी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलौदाबाजार जिले की लवन पुलिस ने नकली नोट खपाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक हत्यारोपी को फरार कराने में मददगार होने के आरोपी हैं। इनमें एक गांजा बेचने तथा मारपीट के मामले का फरार आरोपी है। बदमाश भाठागांव स्थित विनायक नगर में किराए का मकान लेकर नकली नोट छापने का काम कर रहे थे।

लवन टीआई केशर पराग के मुताबिक, भुवन साहू उर्फ भूपेश तथा तुषाल उर्फ सोनू साहू को नकली नोट खपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए बलौदाबाजार एएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश तुषाल तथा भुवन के खिलाफ हत्या के आरोपी को फरार कराने का मामला दर्ज है, इनमें भुवन गांजा तस्करी तथा मारपीट के मामले में फरार आरोपी है। बदमाश पुलिस से बचने चार माह पूर्व फरारी काटने रायपुर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। वे रवि भवन स्थित किसी मोबाइल दुकान में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है।

### नकली नोट से गांजे के कारोबार की थी योजना

पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उनकी योजना बड़े पैमाने पर नकली नोट बनाकर, ओडिशा से गांजा लाकर यहां बेचने की योजना थी। इसके लिए उन्होंने एक कलर प्रिंटर खरीदा और ओरिजनल करेंसी की हूबहू कॉपी कर नकली नोट प्रिंट करने लगे।

### नोट ऐसे कि कोई असल-नकल की पहचान न कर पाए

पुलिस के अनुसार, बदमाश क्षेत्र में कुछ नकली नोट बाजार में चला चुके हैं। बदमाश नोट खपाकर ये पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके द्वारा प्रिंट किए गए नकली नोट को कोई पहचान पा रहा है या नहीं। बदमाश सौ रुपए के नकली नोट में नकली चांदी की हरी पट्टी तक लगा चुके थे, जिसे सामान्य व्यक्ति आसानी से पहचान नहीं सकता कि नोट असली है या नकली।

# शहीद वीरनारायण सिंह का परिवार बलिदानी, कोर्ट ने दी थी कालापानी की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के तीन राजवंशों ने अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए खुद को न्योछावर किया था। सोनाखान के जमींदार शहीद वीरनारायण सिंह, संबलपुर के जमीदार माधो सिंह और राजगद्दी के दावेदार वीर सुरेंद्र साय ने सैकड़ों साथियों का आजादी के लिए बलिदान कर दिया था। रविवार को पत्रकारवार्ता में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि रायपुर कोर्ट से पहली बार उन्हें कालापानी की सजा सुनाई गई थी। बलिदानी परिवार के बारे में युवा जान सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री से मिलकर उनके जीवन संघर्ष से जुड़ी गाथा पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि माधो सिंह, वीरनारायण के ससुर और शहीद हटे सिंह उनके साले थे।



■ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

उन्होंने दो बड़े अंग्रेज सैन्य अधिकारियों का वध किया। घटनाक्रम को देखते हुए माधो सिंह के पुत्र हटे सिंह एक नायक की तरह उभरे। वे छत्तीसगढ़ के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें अंग्रेजों ने कालापानी की सजा देकर अंडमान की सेल्यूलर जेल में डाला था। जहां से वे कभी लौटकर नहीं आए।

*पराक्रम और त्याग से आमजन अनजान : श्री साहू ने बताया कि वीरनारायण सिंह, माधो सिंह, हटे सिंह और उनके परिवार के बलिदान को अब इतिहास के पन्नों से बाहर निकालने की जरूरत है।*

### इस्पात क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान को सराहा

**भिलाई।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) द्वारा बेंगलुरु में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए । इस अवसर पर उन्होंने इस्पात क्षेत्र के विकास मे योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। मंत्री ने इस्पात क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सेल के पूर्व डायरेक्टर टेक्निकल, बोकारो इस्पात संयंत्र के पूर्व प्रबंध निदेशक तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व ईडी व ईडी(प्रोजेक्ट्स) के रूप में सेवा देने वाले तथा वर्तमान में एस्सार मिनमेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी शशि शेखर मोहंती को नेशनल मेटलर्जिस्ट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। श्री मोहंती ने अपने 45 वर्षों के करियर मे इस्पात उद्योग के विकास में महती योगदान दिया है।

# बढ़ी ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत, छोटा पड़ने लगा डीकेएस का न्यूरोलॉजी विभाग

■ लंबा इलाज होने के कारण फुल रहता है विभाग, 30 से बढ़ाकर 50 बेड करने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ क्रिटिकल केयर को वित्त की मंजूरी का इंतजार, तीन नए विभाग शुरू करने का प्रस्ताव



हरिभूमि सरोकार

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह से डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का न्यूरोलाजी विभाग अब छोटा पड़ रहा है। उपचार अवधि लंबी होने से यहां के बिस्तर खाली नहीं मिलते, इसे ध्यान में रखते हुए क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 किए जाने की योजना है। यहां क्रिटिकल केयर सहित चार नए विभाग भी शुरू करने का प्रस्ताव है।

करीब चार सौ बेड की क्षमता वाले डीके अस्पताल में आठ विभागों का संचालन किया जा रहा है। यहां सबसे अधिक मरीज न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती हैं। पिछले कुछ समय से ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं, जिसकी वजह से डीकेएस के इस विभाग में 30 बेड का वार्ड अक्सर फुल रहता है। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि मरीजों को इलाज के लिए क्रिटिकल केयर सहित अन्य विभागों में रखना पड़ता है। मरीजों की संख्या अधिक होने से यहां की क्षमता में विस्तार जरूरी है और इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में यहां 50 मरीजों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसी तरह कोरोनाकाल में डीके अस्पताल में प्रारंभ किए गए क्रिटिकल केयर का सेटअप अलग करने वित्त विभाग से मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। अभी इस विभाग को इमरजेंसी मेडिसिन की मदद से संचालित किया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के विस्तार और एमसीएच का कोर्स प्रारंभ करने के लिए चार विभाग शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है।

### विस्तार की जरूरत

न्यूरोलॉजी विभाग में उपचार की प्रक्रिया लंबी होती है, इसलिए यहां बेड फुल रहते हैं। मरीजों की सुविधा के लिए बेड बढ़ाने की आवश्यकता है। यहां तीन नए विभाग और एक विभाग का अलग सेटअप बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।

- डॉ. हेमंत शर्मा, उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

### ब्लड, हार्मोंस और वात रोग का इलाज

भविष्य में डीके अस्पताल में रक्त संबंधी बीमारियों की जांच के लिए हेमेटोलॉजी, हार्मोंस से संबंधी जांच के लिए एंडोक्रिनोलॉजी तथा वात रोग की वजह से होने वाले बीमारियों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ किए जाने की योजना है। बदलते समय और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शासकीय सेक्टर में इन बीमारियों के उपचार की सुविधा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नई बिल्डिंग की जरूरत

अस्पताल से संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि विभागों की संख्या बढ़ाने और वहां एमसीएच कोर्स का संचालन करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होगी। संचालित आठ विभाग और प्रशासनिक ब्लॉक के बाद यहां अतिरिक्त निर्माण की संभावना कम है। इसके लिए यहां करीब दो सौ बेड की क्षमता वाली नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता होगी। पुरानी योजना के अनुसार यहां नए भवन का निर्माण भी लंबित पड़ा है।

**कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को ली बैठक**

# वेतन वृद्धि को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी में संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की बड़ी बैठक रविवार आयोजित हुई। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि सरकार को जल्द अल्टीमेंट दिया जाएगा। समयसीमा मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की रास्ता अख्तियार करेंगे। बैठक में विधानसभा शीतकालीन सत्र को देखते हुए रणनीति बनाई गई है। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि छ. ग प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ अपने लंबित मांग नियमितीकरण, स्थायीकरण, घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित, ग्रेड पे स्केल सहित 18 बिंदु मांग को लेकर पिछले विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा घेरने निकले थे। आश्वासन के बाद भी ये मांगे अब तक पूरी नहीं हो पाई है। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उनके रेशलाइजेशन कमेटी वेतन विसंगति, ग्रेड पे स्केल निर्धारण के लिए बिना समय निर्धारण का कमेटी तो बनाया जाता हैं लेकिन कमेटी सिर्फ कमेटी बनकर ही रह जाता हैं आज तक उसमें कोई निर्णय नहीं आता हैं जिससे कर्मियों का समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता हैं। एन एच एम कर्मचारियों के आंदोलन में चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, इन्ही कर्मचारियों के भरोसे टीका हुआ हैं। अस्पताल की जिम्मेदारी पूरे प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला अस्पताल इन कर्मचारियों की संख्या पूरे प्रदेश में 16000 से ज्यादा है। ओपीडी ,आईपीडी, संस्थागत प्रसव, समस्त प्रकार के बच्चा विभाग, आईसीयू, डाटा एंट्री , टीबी विभाग, हमार लैब,श्रवण जांच केंद्र,स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न प्रकार का ट्रेनिंग, आपातकालीन सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन इत्यादि इन्ही कर्मचारियों के भरोसे संचालित किया जाता है।

■ विधानसभा शीतकालीन सत्र को देखते हुए कर्मचारियों ने बनाई रणनीति



# प्रयागराज महाकुंभ में भिलाई से भेजे जाएंगे श्रद्धालुओं के लिए थैले और स्टील थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ प्रयागराज के महाकुंभ में भिलाई सिटी भी सहभागिता निभाने जा रही है। इस महाकुंभ को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हरित कुंभ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि शाखा द्वारा देशभर से थैले और स्टील के बर्तन एकत्र किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई के लोग भी जुड़ गए हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला दुर्ग द्वारा 10 दिसंबर 2024 तक समाज द्वारा दिए गए दान को कुंभ समिति को भेजा जाएगा। जिससे कुंभ मेला समिति और कुंभ मे होने वाली भोजन व्यवस्था हेतु इसे वितरण किया जा सके।

### महाकुंभ स्थल के कचरे को करेंगे कम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण भारत से थैला और थाली दान के रूप में एकत्रित कर प्रयागराज कुम्भ मेला समिति को भेजे जा रहे हैं। यह थैला तीर्थयात्रियों को प्लास्टिक का समान चिप्स के पैकेट बिस्कुट और पानी की बोतल आदि सामान रखने के लिए है। स्टील की खंड वाली थालियां कुंभ मेले में भोजन व्यवस्था में उपयोग करने हेतु प्रदान की जा रही है। जिससे 75 देशों से आने वाले लगभग 40 करोड़ आगंतुक, भोजन व्यवस्था में केवल स्टील की थाली को उपयोग में लेंगे और किसी प्रकार का डिस्पोजेबल प्लेट दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे, जिससे लगभग 40000 टन होने वाले कचरे में से 20000 कचरे को कम किया जा सके।


## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की ठोकर से राहगीर घायल

**बालोद।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम गुजरा के पास रविवार को देर शाम पैदल चल रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने से पैदल चल रहे व्यक्ति का पैर फैक्चर हो गया है, जिसका जिला अस्पताल बालोद में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि इस व्यक्ति का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

### जिला प्रभारी मंत्री का भाजपा सदस्यों ने किया जोशीला स्वागत



**बालोद/कलंगपुर।** जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के बालोद आगमन पर कचांदुर के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैंड में उनका आत्मीय स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता भूषण साहू, सनत साहू, युवराज मारकंडे, मंथिर साहू, दीनू मारकंडे, लोकेश साहू, योगेश्वर साहू तथा पूर्व सांसद प्रतिनिधि थान सिंह मांडवी' संहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गृहमंत्री ने किया सड़क चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य का लोकार्पण



**बालोद।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बालोद जिले के दौरे पर पहुंचे। प्रभारी मंत्री शर्मा ने जिला मुख्यालय बालोद के सर्किट हाउस आगमन पर जिले के ग्राम सिवनी से कलेक्ट्रेट मार्ग के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि 04 करोड़ 91 लाख रुपए लागत के नवनिर्मित ग्राम सिवनी से कलेक्ट्रेट मार्ग के बनने से अब आमजनों को कलेक्टोरेट आवागमन में काफी सुविधा हुई है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री शर्मा ने सर्किट हाउस के सभाकक्ष में जिले के आला अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

**परीक्षा : 21 दिसम्बर को समाप्त होगी, इसके बाद प्रतिभा खोज स्पर्धा**

# सशिमं में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

प्रदेश के 1111 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में सोमवार को अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पूरनलाल बारले ने बताया कि 9 दिसम्बर से प्रारंभ अर्धवार्षिक परीक्षा 21 दिसम्बर को समाप्त होगी।


सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग समन्वयक दीपक सोनी ने बताया कि प्रदेश के सभी सरस्वती शिशु मंदिर में नियत समय पर परीक्षा 9 से 11 बजे पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक और 12 से 3 बजे मिडिल हाई एवं हायर क्लास स्तर तक आयोजित है। उल्लेखनीय है कि पेपर एक ही होता है। शासकीय पाठ्यक्रम विषयों के अलावा संस्कृति और जनरल नालेज वैदिक गणित की परीक्षा भी इसी अवधि पूर्ण होती है।




### स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह में विजेता सम्मानित

व्यवस्थापक एके जैन ने बताया कि प्रतिभा खोज स्पर्धा प्रतिवर्ष अधिवार्षिक परीक्षा के तुरंत बाद में की जाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान डॉ. हेडगेवार सदन में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह 12 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विजेताओं को विजय प्राप्त करते ही विजयी कूपन प्रदाय कर दिया जाएगा। सम्मान के समय यह कूपन विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

**परीक्षा के बाद दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा:** प्राचार्य बारले ने बताया कि विद्यालय में 21 ग्रामों से संस्कारित शिक्षा ग्रहण करने विद्यार्थी आते हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्ति के बाद 23 एवं 24 दिसंबर को विद्यालय में गत वर्षों की भांति विद्यालय स्तर पर प्रतिभा खोज स्पर्धा का दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। इसमें गणित प्रदर्शनी व्यंजन मेला, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, योग, शतरंज, व्हालीबॉल विविध प्रकार के दौड़ गोला फेंक, कूद, रिलेरेस, जलेबी दौड़ आदि खेल की योजना नियोजित की जा चुकी है। प्रतियोगिता फार्म वितरित की जा चुकी है, प्रतिभागी को फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर रखी गई है। उत्कृष्ट प्रतिभागी को जिला से राष्ट्र तक प्लेटफार्म उपलब्ध होता है व्यवस्थापक प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर ने बताया कि प्रतिभा खोज स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी सत्र सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित जिला संभाग प्रांत में प्रतिभागी बनने का अवसर मिलता है। विदित हो कि विद्याभारती की इस संस्था की माध्यम से क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा प्रदर्शन का सुसज्जित प्लेटफार्म मिलता है।



# अग्निवीर का गांव पहुंचने पर हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सैनिक और सरहद का नाम आते ही हर व्यक्ति के मन में देशभक्ति का जज्बा हिलोरे मारने लगता है। अग्निवीर का प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस अपने गांव हीरू खपरी आने पर सौरभ कुमार साहू का आरती तिलक, बाजे गाजे एवं फटाका फोड़कर भव्य स्वागत किया गया, गांव में स्वागत यात्रा निकाली गई।

इसमें वंदे मातरम एवं भारत माता की जय के नारे से पूरा वातावरण राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत हो गया। साथ में उनके ट्रेनर पूर्व सैनिक भोजराम साहू जो सेवानिवृत होकर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया करते थे तथा सैनिक साथी विनय कुमार मंडले एवं सहपाठियों का भी सम्मान किया गया। साहित्यकार समाजसेवी केशव राम साहू ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अग्नि वीर की ट्रेनिंग लेने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं इसी तरह की देश सेवा की राह चुनने के लिए अन्य युवाओं को प्रेरित किया गया।

स्वागत करने वालों में देवलाल साहू, दौलत राम साहू, खुमान सिंह, रेखराम, डोमन लाल ठाकुर, लालजीत बघेल, कुणाल सिंह कुर्रे, घनश्याम देवांगन, दयालू राम रिगुवंशी, डेरहा राम साहू, घणाराम सोनी, वीरेंद्र सोनी, तेजराम साहू, सनत कुमार, यशवंत, दिलीप ठाकुर, उमाशंकर कश्यप, सूबेदार, तारेंद्र, कामता साहू, संजय कुमार, कमलेश साहू, महेश देवांगन, नंदकिशोर निषाद, तिलक निषाद, नितेश यादव, कुणाल देवांगन, हेमशंकर निषाद, धनेंद्र निषाद, ललित, युगल उपस्थित थे।

# लौह अयस्कों का परिवहन मालवाहकों से ही किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजहरा परिवहन संघ दल्ली राजहरा बीएसपी, आईओसी की खानों से भिलाई इस्पात संयंत्र तक एवं निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक, आंशिक परिवहन कार्य देकर रोजगार उत्पन्न करने मांग करते हुए उपमुख्यमंत्री व बालोद जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि नगर में स्थिति भिलाई इस्पात संयंत्र अधीनस्थ यांत्रीकृत खानों से उत्खनित लौह अयस्क का परिवहन का कार्य 100 प्रतिशत रेलमार्ग से किया जा रहा है, यदि इसमें से 40 प्रतिशत परिवहन कार्य हमारी संस्था से जुड़ी मालवाहक वाहनों को दिये जाने से रोजगार उत्पन्न होगा। इससे इस व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिक, ऑटोपार्ट्स विक्रेता, टायर विक्रेता, मैकेनिक, वाहन चालक हेल्पर सहित अन्य व्यवसायियों सभी को मिलाकर लगभग 25000 लोगों को प्रत्यक्ष, परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा एवं शहर से पलायन रूकेगा और नगर का विकास होगा।


भिलाई इस्पात संयंत्र की जीवनदायिनी दल्ली राजहरा में संचालित लौह अयस्क खदानों के प्रारम्भ होने पर रोजगार उत्पन्न हुए थे। उस दौरान नगर की जनसंख्या एक लाख से अधिक थी, समय के साथ यंत्रीकृत खदान होने से रोजगार धीरे धीरे खत्म होने लगा। जिससे दल्ली राजहरा से पलायन होने लगा और आज नगर की आबादी 35 हजार में सीमट गई है।

एनएमडीसी चेली /बैलाडीला माइंस में भी रेलमार्ग द्वारा परिवहन किया जाता है और स्थानीय परिवहन संघ द्वारा मांग किये जाने पर उनको आनुपातिक, आंशिक परिवहन कार्य दिये जाने से रोजगार के साथ नगर का भी विकास हो रहा है। बीएसपी. प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा पूर्व में लिखित में अवगत कराया गया था कि 15 प्रतिशत लौह अयस्क का परिवहन मालवाहक वाहनों से दिये जाने का अंतिम स्टेज में होना बताया गया था। किन्तु उक्त सहमति के चार साल बाद भी समस्या यथावत है।

दल्ली राजहरा के 50 किलोमीटर के दायरे में संचालित निजी लौह अयस्क खानों से लौह अयस्क का 100 प्रतिशत परिवहन मालवाहक वाहनों के माध्यम से किया जा रहा है।

बीएसपी. प्रबंधन द्वारा 24.10.2020 को सचिव छ.ग. शासन खनिज संशासन विभाग मंत्रलय रायपुर को पत्र लिखकर हितकसा टेलिंग डेम में संग्रहण पश्चात सूखे हुए निम्न श्रेणी के अनुपयोगी लौह अयस्क को 0.6 मिलीयन टन प्रतिवर्ष की दर से खुले बाजार में बेचने की अनुमति के लिये प्रस्ताव भेजा गया, जिसमें अनुपयोगी लौह अयस्क (रायल्टी पेड) को खुले बाजार में बेचकर सड़क मार्ग द्वारा बेचकर रोजगार उत्पन्न किया जा सकता है। जिस पर आज पर्यन्त तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

**राजहरा परिवहन संघ दल्ली राजहरा ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा**




RAJHARA PARIVAHAN SANGH
Regd. No. - 5837
Main Road, Old Market, DALLI RAJHARA, Distt. - Balod (C.G.) 491 228

प्रति,
माननीय श्री विजय शर्मा जी,
उप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं बालोद जिला प्रभारी मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

विषय :- दल्ली राजहरा में स्थित बी.एस.पी./आई.ओ.सी. की खानों से भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई तक एवं निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक/आंशिक परिवहन कार्य देकर रोजगार उत्पन्न करने हेतु मांग पत्र।

महोदय जी,
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि नगर में स्थिति भिलाई इस्पात संयंत्र अधीनस्थ यंत्रीकृत खानों से उत्खनित लौह अयस्क का परिवहन का कार्य 100 प्रतिशत रेलमार्ग से किया जा रहा है, यदि इसमें से 40 प्रतिशत परिवहन कार्य हमारी संस्था से जुड़ी मालवाहक वाहनों को दिये जाने से रोजगार उत्पन्न होगा। जिससे इस व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिक, ऑटोपार्ट्स विक्रेता, टायर विक्रेता, मैकेनिक, वाहन चालक हेल्पर, सहित अन्य व्यवसायियों सभी को मिलाकर लगभग 25000 लोगों को प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा एवं शहर से पलायन रूकेगा और नगर का विकास होगा।
भिलाई इस्पात संयंत्र की जीवनदायिनी दल्ली राजहरा में संचालित लौह अयस्क खदानों के प्रारम्भ होने पर रोजगार उत्पन्न हुए थे व धीरे धीरे नगर की जनसंख्या एक लाख से अधिक थी, समय के साथ यंत्रीकृत खदान होने से रोजगार धीरे धीरे खत्म होने लगा। जिससे दल्ली राजहरा से पलायन होने लगा और आज नगर की आबादी 35 हजार में सीमट गई है।
(1) एन.एम.डी.सी. (बचेली/बैलाडीला) माइंस में भी रेलमार्ग द्वारा परिवहन किया



(4) बी.एस.पी. प्रबंधन द्वारा 24.10.2020 को सचिव छ.ग.शासन खनिज संसाधन विभाग मंत्रालय महानदीभवन नया रायपुर को पत्र लिखकर हितकसा टेलिंग डेम में संग्रहण पश्चात सूखे हुए निम्न श्रेणी के अनुपयोगी लौह अयस्क को 0.6 मिलीयन टन प्रतिवर्ष की दर से खुले बाजार में बेचने की अनुमति के लिये प्रस्ताव भेजा गया.. जिसमें अनुपयोगी लौह अयस्क (रायल्टी पेड) को खुले बाजार में बेचकर सड़क मार्ग द्वारा बेचकर रोजगार उत्पन्न किया जा सकता है। जिस पर आज पर्यन्त तक कोई कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।
अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए राजहरा परिवहन संघ को दल्ली राजहरा में स्थित बी.एस.पी./आई.ओ.सी. की खानों से भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई तक एवं निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक/आंशिक परिवहन कार्य देकर रोजगार दिलाने की कृपा करें।

भवदीय
अध्यक्ष / सचिव
राजहरा परिवहन संघ
दल्ली राजहरा

संलग्न प्रति –
1. एन.एम.डी.सी. द्वारा माल वाहक वाहनों से लौह अयस्क परिवहन हेतु दिये गये आदेश की छायाप्रति।

# खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया हुनर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में किया गया।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित थे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से जिले के युवा खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य एवं देश में अपने परिवार, समाज एवं जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि युवा शक्ति देश की प्रगति एवं राष्ट्र निर्माण में एक अहम भूमिका निभाती है। पवन साहू ने स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा लेकर युवाओं को खेल के साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने हैं।

**विज्ञान और हस्तशिल्प कला का स्टॉल :** इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल, कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं हस्तशिल्प कला पर आधारित मॉडल का स्टॉल भी लगाया गया।








जिला स्तरीय युवा महोत्सव में सांस्कृति कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन चित्रकला में वक्तृत्व कला, कविता एवं तात्कालिक भाषण, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पादन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। जिला मुख्यालय स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में जिले भर से महिला खिलाड़ी शामिल हुईं।

### रश्मि का राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन, दिल्ली में खेलगी



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुदनी की छात्रा रश्मि साहू कक्षा 10 वीं ग्राम खोरदो का चयन राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ है। इसमें भाग लेने वह दिल्ली जायेगी। छात्रा की उपलब्धि पर प्राचार्य एवं समस्त छात्र छात्राओं ने गुलाल लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्राचार्य सीआर साहू, व्याख्याता पीएल साहू तथा खेल शिक्षक धातृ साहू ने रश्मि को खेल के क्षेत्र में उनकी सफलता प्राप्त करने और उज्ज्वल भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# मेढ़की में भागवत कथा का समापन

**बालोद।** ग्राम मेढ़की में चल रही भागवत कथा सोमवार को संपन्न हुई। कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। अंतिम दिन पं. लोकेश शर्मा ने श्रीमद भगवत गीता में भगवान कृष्ण के उपदेशों का विस्तार से वर्णन किया गया है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास पंडित लोकेश शर्मा ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन–यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है।

### आदित्य को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**रायपुर।** राजधानी निवासी 11 वर्षीय आदित्य राजे को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2024 प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### शारीरिक और मानसिक ...

ग्राम सभा अध्यक्ष इंदरमन बघेल, जनपद सदस्य बेरला हर्षलता चंद्रहास वर्मा, भोलाशंकर वर्मा तथा आनंद वर्मा, महेश परगनिहा, रविकांत परगनिहा, डोमेंद्र मढ़रिया, तामेश्वर निषाद, अजय विश्वकर्मा, तिलक निषाद, शंकर निषाद, विरेंद्र निषाद, दुर्गेश निषाद, देवचरण ध्रुव, संदीप निषाद, नरेंद्र निषाद, अमित निषाद आदि शामिल थे।

### 35 व्याख्याताओं को ...

व्याख्याताओं को जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अनुपस्थित व्याख्याताओं में गणित विषय में पीयूष जैन भनसुली, टिकेश्वर लाल साहू ठेलका, संजय वर्मा नरी, बिरेंद्र कुमार टंडन आनंदगांव, शैलबाला साहू भटगांव, महेश कुमार साहू देवकर, वीरेंद्र कुमार शर्मा बालसमुंद, अशोक कुमार निर्मलकर बालसमुंद, सरिता भारती बावा मोहतरा, मनोज कुमार साहू सेजेस कठिया, उपेंद्र कुमार वर्मा हरडुवा, अंजूलता साहू सेजेस बेमेतरा, खोमेंद्र कुमार सिन्हा बनरांका, अर्चना साहू रांका, भौतिक शास्त्र विषय में हिरेंद्र कुमार साहू सेजेस बेमेतरा, अचला मिश्रा लोलेसरा, उत्तम राम चंदेल परपोड़ी, जीवविज्ञान विषय में सूर्य प्रकाश साहू खिलोरा, करुणा चौहान केहका, योगेंद्र कुमार वर्मा सोढ़, प्रतिमा कमल सेन सेजेस नांदघाट, घनश्याम घृतलहरे बिलई, रीता शर्मा बेलगांव, श्यामचरण दिवाकर गोढ़ी कला, दुर्गा प्रसाद सोनी नरी, पुष्पा लहरे अंधियार खोर, रामकृष्ण साहू बाबा मोहतरा, राखी ठाकुर भरदा कला, रसायन शास्त्र विषय में दुर्गेश्वरी साहू थान खमरिया, पुष्प लता साहू कन्या बेरला, करुणा मांझी भिंभौरी, स्नेहा लता नांदघाट, जान्हवी तिवारी चेचानमेटा, जितेंद्र पात्रे टेमरी शामिल है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अपरेंटिसशिप मेले में 90 प्रशिक्षणार्थि शामिल हुए

**बेमेतरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा कोबिया चौक में सोमवार को जिला स्तरीय अप्रेटिंसशीप मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उद्योग केन्द्र से महाप्रबंधक उपस्थित रहे। मेले मे विभिन्न उद्योगों की उपस्थिति रही। मेले के अतर्गत उद्योगों द्वारा उनकी आवश्यकता एवं महत्वता को बताते हुए प्रशिक्षणार्थियों को अपरेंटिसशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। अपरेंटिसशिप मेले में कुल 90 प्रशिक्षणार्थि उपस्थित थे।

### ओडारसकरी में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अंडा।** ग्राम ओडारसकरी में 10 दिसंबर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह, स्व. भारत लाल देशमुख एवं स्व. कस्तूरबा बाई देशमुख की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ पर भगवताचार्य संत श्री निरंजन महराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा परायणकर्ता श्रद्धेय परमेश्वर तिवारी होंगे। कार्यक्रम दिनांक 10 से 18 दिसंबर तक होगी। कथा समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक शाम 3:00 बजे से 05:30 बजे तक कथा चलेगा। साथ ही साथ 12 दिसंबर को मोर मयार मानस परिवार गुदगुदा और 17 दिसंबर को राजहंस मानस परिवार सोन साय टोला का रखा गया है। यह जानकारी रविन्द्र देशमुख और भुपेंद्र देशमुख ने दी।

### जिले में प्लेसमेंट कैंप 16 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 16 दिसंबर को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 03 नियोजकों द्वारा 800 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेडेसरा राजनांदगांव के द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट पुरूष के कुल 400 पदों पर भतएँ की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रोगामिंग में मान्यता प्राप्त संस्था से एक वषएँय डिप्लोमा तथा आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र ग्राम टेडेसरा जिला राजनांदगांव होगा। इसी तरह शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर के द्वारा एसआर सेल्स रिप्रेसेंटेबल के 35 एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर के 05 पदों पर भतएँ की जाएगी। जिसमें सेल्स रिप्रेसेंटेबल पद हेतु शैक्षणिक योग्यता बारहवीं एवं आयु 22 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र गुरूर, धमतरी, गुण्डरदेही एवं बालोद होगा। इसी तरह एग्रीकल्चर ऑफिसर पद हेतु शैक्षणिक योग्यता बीएससी एग्रीकल्चर एवं आयु 22 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र धमतरी, बेमेतरा एवं कवर्धा होगा। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 एवं 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पद तथा सिक्यूरिटी गार्ड महिला के 20 पदों पर भतएँ की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यथएँ आवश्यक दस्तावेजों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ में निकाली कलश यात्रा

**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कुथरेल में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में काफी उत्साह दिखा, जिसका परिणाम कलश यात्रा में सैकड़ों की भीड़ में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर राधे-राधे जय कृष्णा की जयकारों के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा गायत्री ज्ञान मंदिर से निकलकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब से जल लेकर वापस गांव का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। गायत्री परिवार के परिजनों ने प्रज्ञा गीतों को गाते हुए कलश यात्रा में भाग लिए। छोटे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए सभी कलश यात्रा में कलश लेने बच्चों के बीच होड़ मची रही।

## सियासत

**पेंड्री पंचायत में भूमिपूजन के दौरान प्रज्ञा ने विपक्ष को जमकर कोसा**

# किनारा करने वालों से किनारा कर लिया मैंने : प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पेंड्री पंचायत में 2 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड के भूमिपूजन के लिए पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कांग्रेस पर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि किनारा करने वालों से किनारा कर लिया मैंने। आप सब ने देखा किस तरह से शुरुवाती चार सालों में कांग्रेस के असुरक्षित नेतृत्व ने जिला पंचायत में एक ढेले का काम भी नहीं होने दिया। तरह तरह के अड़ंगे लगाकर जिले के पंचायतों के विकास को रोककर रखा। मेरे ही जिला पंचायत क्षेत्र के सरपंचों और सचिवों को मुझे आमंत्रित करने से रोका जाता था, बेमेतरा के देव तुल्य जनता ये सब देख रही थी, महसूस कर रही थी और मेरी देव तुल्य जनता ने इसका प्रतिशोध भली भांति ले लिया और रास्ता रोकने वालों को उनके घर बिठा दिया। त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय कब होने के प्रश्न पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने चुटीले अंदाज में कहा कि चुनाव फरवरी में हो की जनवरी में, सोचना कांग्रेस को है कि वह जनवरी में शिकस्त चाहती है या फरवरी में। भाजपा के कार्यकर्ता, विधायक और सांसद पूरे पांच साल लोगों से जीवंत संपर्क में रहते हैं, उसका लाभ कमल के चुनाव चिन्ह पर लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को मिलता है। उपसरपंच सविता साहू, पंच जानकी कोसले, रामचरणसाहू, देवप्रसाद बंजारे, विजय चक्रधारी रामकुमार, शिवकुमार, चमेली ठाकुर साहू, सरिता सारथी, तीरथ बांधे, अनूप साहू, नवागांव सरपंच नीलेश वैष्णव, पेंड्री सरपंच पूर्णिमा बाई ध्रुव ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, क्रायक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी को स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। डॉ. निर्वाणी ने सांसद विजय बघेल और विधायक दीपेश साहू से मिलकर ग्रामीणों के मांग पत्र पर कार्य स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया। युवा महोत्सव से लौट रही छात्राओं ने जिला पंचायत सदस्य के साथ सेल्फी भी ली।



# अग्निवीर में चयनित युवा का गृहग्राम में किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर निवासी लीलाधर यादव के अग्नि वीर में चयन होने के बाद 6 माह ट्रेनिंग पूरी कर वह शुक्रवार को अपने गृह ग्राम आने पर लोगों ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित कर एवं गुलाब लगाकर मातृभूमि की रक्षा में आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया। जहां लोगों ने विभिन्न देशभक्ति गीत के मध्य फूल गुलाब से उनका स्वागत किया और तिरंगा झंडा लहराते भारत माता की जयकारे का नारा लगाते हुए अग्नि वीर लीलाधर यादव को भ्रमण करते हुए समान पूर्वक उनके घर तक ले जाया गया। जहां घर परिवार के द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच बिसाहू राम साहू, प्रकाश दास मानिकपुरी, रामचरण साहू, तारन साहू, बंसी यादव, निमेष तिवारी, ध्रुरु ग्रूमबर, सहितभारी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया व लोगों ने गौरवाविनतकर महसूस किए व भावपूर्वक लीलाधर यादव को बधाई व शुभकामनाएं दिए। इस दौरान उनके माता-पिता दिल हरण यादव रामप्यारी ने आशीर्वाद दिए।

# एग्रीस्टेक योजना व फसल बीमा योजनांतर्गत दी गई प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीटेक परियोजना के तहत संपूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के आगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमि धारक का कृषि भूमि पहचान पत्र (फार्मर आईडी) का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत के सभाकक्ष में इस परियोजना के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2024-25 में अधिसूचित फसल तथा कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि के संबध में जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक अऋणी कृषकों को बीमा कवरेज में शामिल करने हेतु तथा अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्प लाईन नंबर 14447 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। उक्त प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि, बेमेतरा जिले के तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व निरीक्षण, चिप्स ईडीएम, सीएससी डीएम, बीमा कंपनी बजाज एलियांज के प्रतिनिधि और सीएससी विएलई उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष ने सीसी रोड के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के निकटवर्तिय ग्राम पंचायत सींवार में जनपद अध्यक्ष ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। बता दें कि ग्राम पंचायत सींवार में गलियों की सीसी रोड का निर्माण की मांग करते आ रहे थे। वही बहु प्रतिक्षित मांग को जनपद पंचायत बेरला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चन्देल के बनने के बाद पूरा हुआ। ग्राम पंचायत सिंवार के ग्रामीणों द्वारा स्कूल के पास और बाजार चौक के पास बारिश के दिनों में होने वाली समस्या से अवगत कराया था जिसे पूरा करते हुए चंदेल ने जनपद स्तर गौण खनिज की राशि से पूरा किया। जिससे ग्रामीणजन बहुत ही खुशी व्यक्त करते हुए चंदेल का आभार जताया। इस दौरान भूमिपूजन में उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच सनत कुमार लहरी, गणेश सिंह चंदेल, उत्तम सिंहा, मनोहर, मिलाप साहू, घना यादव, गोवर्धन साहू, नारायण साहू, मोहित साहू, भुनेश्वर यादव, पप्पू साहू, चेतन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# मानस मंडलियों ने दी संगीतमय प्रस्तुति




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मार्गशीर्ष मानस महोत्सव ग्राम खाम्ही में तहसील मानस संघ नवागढ़ एवं ग्रामवासी खाम्ही ने आयोजित किया। इसमें जिले की विभिन्न मानस मंडली ने भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई।

मानस महोत्सव में प्रतिज्ञा मानस मंडली खाम्ही, शिवशक्ति मानस मंडली खाम्ही, ज्योति मानस मंडली खाम्ही, प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा, हे शारदे बालिका मानस मंडली रणवीरपुर, जय गंगा मैया मानस मंडली नेवनारा, श्री विधि हरिहर मानस मंडली भिंभौरी, श्रीराम सेवा मानस मंडली झाल, सत्संग मानस मंडली नवागढ़ ने इस महा आयोजन को दिव्य आनंद की अनुभूति दी।

इस कार्यक्रम में तहसील मानस संघ नवागढ़ द्वारा शक्ति केंद्र क्रमांक 01 रनबोड़ की स्थापना हुई। कार्यक्रम में मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन का उद्देश्य सिर्फ मानसगान नहीं है, अपितु यह रामचरित मानस का संदेश घर-घर तक पहुंचाकर लोगों को सनातन संस्कृति के प्रति जागृत करना है।

इस दौरान जिला मानस संघ के संरक्षक दाऊ राजकुमार ताम्रकार, ओंकार चन्द्राकर, माखन साहू, छगन लाल साहू, माधो लाल साहू, भागवत निर्मलकर, नारायण निषाद गजेंद्र वर्मा, विष्णु साहू बिहारी लाल यदु, ब्लाक अध्यक्ष बेरला उत्तम साहू, साजा भरत साहू, नवागढ़ महेश कुमार साहू , नरेंद्र जायसवाल, भीखम लाल देवांगन, डॉ. ललित साहू, ओम यदु जी शक्ति केंद्र खंडसरा, राजेंद्र मानिकपुरी, सुरेन्द्र देवदास, खेमलाल साहू, मोती राम साहू, रामेश्वर साहू, ओमकेश्वर साहू, नीलचरण साहू, शालिक राम साहू, मणिशंकर बिंझवार, लता निषाद, अदिति साहू, अनूप साहू ममता साहू, परमेश्वर साहू, मनीष साहू शामिल थे।

# जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा


जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संकुल केंद्र कुसमी के मेजबानी में संपन्न हुआ।इसमें चार संकुल बावा मोहतरा, छीतापार एवं भनसुली शामिल हुए। दो दिवसीय प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह मैं सरपंच प्रतिनिधि मोहन वर्मा, पूर्व सरपंच हरीश साहू, बहेरा के प्रधान पाठक ओमप्रकाश साहू, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक पुरुषोत्तम सोनी एवं सभी संकुल के सभी प्रधान पाठक उपस्थित रहे। कुसमी के सरपंच प्रतिनिधि एवं प्रधान पाठक ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। मध्यान भोजन संचालन करता द्वारा संकुल के समस्त प्रतिभागियों को मध्यान भोजन का सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन में जोन प्रभारी दिग्विजय घृतलहरे संकुल समन्वय गौतम साहू, निलेश पांडे, विष्णु प्रकाश साहू एवं सभी संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं छगनलाल साहू, देवेंद्र साहू, रामकुमार ध्रुव, ओम कुमारी, भारती तिवारी, किरण बंजारे ,अरूणिका रामटेके ,शतरूपा बनर्जी ,रानी साहू, प्रभु लाल बर्मन, राजेश वर्मा, पालेश्वर साहू, रामप्रसाद बघेल, संदीप पांडे, गेंद लाल सोनी, विजय डेहरे, पंकज शर्मा ईश्वर साहू, धनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, चोवाराम बंजारे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीएसपी के मकान पर कब्जा, पीड़ित ने उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम झीकाटोला के एक ही परिवार के परिजन द्वारा बीएसपी के मकान पर शिबू नायर द्वारा कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए शिबू नायर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मकान खाली करवाने के लिए उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम झीकाटोला थाना राजहरा तहसील डौण्डी निवासी कुंती बाई पति स्व. पंचूराम जाति हल्बा ने कहा है कि वह लकवा से पीड़ित है, चलने फिरने में असमर्थ है, इसलिए मेरे दोनों पुत्र लोकनाथ गवारे व शिव शंकर गवारे से शिबू नायर के विरूद्ध शिकायत आवेदन कई बार प्रदान की हूं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही हैं।

स्व. पंचूराम निवासी ग्राम झीकाटोला बीएसपी के नियमित कर्मचारी थे। 12 सितंबर को हृदयघात बीमारी से उनका देहांत हो



चुका है। हमारे पिता के नाम पर दल्लीराजहरा के टाउनशिप में 6 नंबर स्कूल के पास क्वार्टर नम्बर 025 बी स्ट्रीट नंबर 004 टाइप नंबर 00 डब्लू एलाट हैं। जिसे नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। हमारे द्वारा 4–5 बार नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर से मिलकर क्वाटर को वापस करने का निवेदन किया गया है। परंतु शिबू नायर द्वारा हमारा क्वाटर वापस नहीं किया जा रहा है व जब भी उनसे मिलने जाते हैं। तो हमसे दुर्व्यवहार कर रहा है और कहा जाता है कि क्वार्टर खाली नहीं करूगा तुम्हारे पिता को 2028 तक का किराया दे दिया हूं। जब तक हमारे क्वाटर को बीएसपी में जमा नहीं किया जायेगा तब तक हमारे पिता जी के मृत्यु के बाद का बचा पैसा बीएसपी द्वारा हमें नहीं मिलेगा। इसलिए हमारे पिता के मृत्यु के बाद हमारे घर की आर्थिक स्थिति अत्यंधिक खराब है। दम दोनों भाई बेरोजगार हैं, हमारी माता जी भी अक्सर बीमार रहती हैं। ऐसे में हम दोनों भाई आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इसलिए तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हमारा क्वाटर खाली कराये।

नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा लोकनाथ गवारे के पिताजी ने किराए पर दिया था, जो भी समस्या है उसका आपसी सामंजस्य से बैठकर चर्चा कर उसका निराकरण कर लिया जाएगा।

### विज्ञान प्रदर्शनी में समीर के स्मार्ट शू को मिला द्वितीय स्थान

**डौंडीलोहारा।** विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव में सेजस दुधली के छात्र समीर देशमुख कक्षा नवमीं को विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल स्मार्ट शूज़ के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्र समीर देशमुख का मॉडल स्मार्ट शूज़ दृष्टिबाधित एवं बुजुर्गो के लिए बहुत ही उपयोगी है। स्मार्ट शूज़ को सामान्य जूता में,IR सेंसर का उपयोग कर बनाया गया है, ये रास्ते में आने वाले किसी भी वस्तु की जानकारी सेंसर के माध्यम से देता है जिससे दृष्टिबाधित या बुजुर्ग जो अंधेरे में नहीं देख पाते, आसानी से सड़क या अन्य जगहों में चल सकते हैं, बिना किसी के सहारे अकेले ही। ये शूज़ सभी जगह उपयोगी है। छात्र की इस उपलब्धि पर शाला की प्राचार्य श्रीमती डी.एन.यादव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सराहना एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**प्रशिक्षणार्थियों के लिए चाय नाश्ते के साथ दोपहर में मिलेगा भोजन**

# कला व हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण 11 से डाइट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी (कक्षा 9 से 12 तक) में अध्यापनरत कला और हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का ऑफलाइन प्रशिक्षण 11, 12 और 13 दिसम्बर में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी से चयनित मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी द्वारा दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन दिवस का होगा। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि इस संबंध में सभी मास्टर ट्रेनर्स की बैठक कर विस्तृत रूपरेखा बना ली गई है। इस प्रशिक्षण में तीन दिनों में कला संकाय के आफलाइन प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020, सामाजिक विज्ञान अध्ययन शिक्षण के उद्देश्य मानचित्रों की समझ, संसाधनों के महत्व एवं उपयोग तथा संरक्षण के बारे में जानना, वायुमंडल, अधिकार, कर्तव्य, चुनाव प्रक्रिया, राष्ट्र निर्माण की चुनौतियां, संचार माध्यमों का हमारे जीवन में प्रभाव, सरकारी बजट उदारीकरण, वैश्वीकरण, निजीकरण, संविधान निर्माण संघी एवं राज्य शासन व्यवस्था, ज्वालामुखी, भूकंप, शिक्षकों का व्यवसायिक विकास आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह से हिंदी विषय प्रशिक्षण के अंतर्गत, पाठ के साथ संवाद, रस, छंद, अलंकार, भाषा शिक्षण एवं सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण, ब्लूप्रिंट समूह कार्य का प्रस्तुतीकरण, प्रतिभागियों के समझ की जांच एवं परस्पर जुड़ाव, स्व आकलन एवं प्रश्नोत्तरी पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऑफलाइन प्रशिक्षण का समय सुबह 9.30 बजे से 5.30 तक रहेगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय है, जो शिक्षक शिक्षिकाएं रात्रि विश्राम करना चाहते हैं उनके लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुबह चाय नाश्ते की व्यवस्था तथा दोपहर में भोजन की व्यवस्था रहेगी। एससीईआरटी द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी के सभी व्याख्याताओं को इस प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा जानकारी सीधे एससीईआरटी रायपुर भेजी जाएगी। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे बताया कि सभी व्याख्याताओं को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है और यहां से प्रशिक्षित होकर जो कुछ भी आपने सीखा है उसे अपनी कक्षाओं में अक्षरशः लागू करना है। विदित हो कि इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। कला विषय की प्रभारी डाइट की व्याख्याता यमुना जांगड़े और हिन्दी विषय के प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट की व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय है, जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में कला विषय के लिए पुकल राम सप्रे प्राचार्य उमरिया, हिरऊ राम ध्रुव प्राचार्य तेलईकुड़ा तथा हिन्दी विषय के लिए व्याख्याता बहोरिक लाल साहू कुसमी स्कूल, वीरेन्द्र सिंह राठौर कुंरा स्कूल शामिल हैं।

# सेना के जवान देवाशीष का गांव में हुआ स्वागत



**बालोद।** ग्राम भंडेरा के देवाशीष देवांगन ने सेना की सात माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर ग्राम लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भविष्य स्वागत किया। देवाशीष ने ग्राम के युवाओं को आवाहन किया कि प्रत्येक साथी नशा तथा व्यसन से दूर रहकर देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे।

उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग जरूर कठिन थी लेकिन मैंने हौसला बुलंद रखा। देवाशीष ने अपने पिता राजेंद्र कुमार देवांगन तथा माता नारायणी देवांगन को सेना की टोपी पहनाकर सेल्यूट किया। माता-पिता की खुशी से आंखें भर आई। सरपंच खेमिन ढाले ने ग्राम के युवक देवाशीष देवांगन का सेवा में चयन होने तथा ट्रेनिंग पूर्ण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ग्रामीणों ने देवाशीष को अपने कंधे पर बिठाकर गली भ्रमण किया तथा जय हिंद के नारे लगाए।